"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट), के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2–22–छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि.से. भिलाई, दिनांक 30–05–2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़ / दुर्ग / 09 / 2012–2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 534] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 6 दिसम्बर 2013—अग्रहायण 15, शक 1935

तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 6 दिसम्बर 2013

अधिसूचना

क्र. एफ 9–65/2012/तक. शि./42.— राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, एतद्द्वारा, भर्ती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ .** — (1) ये नियम छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल सेवा भर्ती नियम, 2013 कहलाएंगे,
   (2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं .** — इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, —
   (क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है यथास्थिति, मण्डल या मण्डल द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत सक्षम प्राधिकारी ;
   (ख) "अध्यक्ष" से अभिप्रेत है मण्डल का अध्यक्ष ;
   (ग) "समिति" से अभिप्रेत है अनुसूची-चार में यथाविनिर्दिष्ट विभागीय पदोन्नति/चयन समिति ;
   (घ) "सक्षम प्राधिकारी" से अभिप्रेत है किसी विशिष्ट प्रयोजन हेतु मण्डल द्वारा अभिहित कोई अधिकारी ;
   (ङ) "नियंत्रक" से अभिप्रेत है मण्डल का नियंत्रक ;
   (च) "परीक्षा" से अभिप्रेत है इन नियमों के नियम 11 के अधीन भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा ;
   (छ) "शासन" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ शासन ;
   (ज) "मण्डल" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल ;

(झ) "अन्य पिछडे वर्ग" से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा, समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ–8–5–पच्चीस–4–84, दिनांक 26 दिसंबर, 1984 द्वारा यथाविनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछडे वर्ग (गैर–क्रीमि–लेयर);

(ञ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(ट) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

(ठ) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति;

(ड) "सेवा" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल सेवा;

(ढ) "राज्य" से अभिप्रेत है-छत्तीसगढ़ राज्य।

3. **विस्तार तथा लागू होना.**– छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अन्तर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे।

4. **सेवा का गठन.**– सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे, अर्थात्:–

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के समय, अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट पदों को मूलतः धारण करते हों;

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों; और

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हों।

5. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि.**– सेवा का वर्गीकरण, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या तथा उससे संलग्न वेतनमान, अनुसूची–एक के अनुसार होगा:

परन्तु मण्डल, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या एवं वेतनमान में, समय–समय पर, या तो स्थायी या अस्थायी आधार पर वृद्वि या कमी कर सकेगी।

6. **भर्ती का तरीका.**– (1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जायेगी, अर्थात्:–

(क) प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा अथवा मेरिट एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन द्वारा;

(ख) मण्डल के सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा;

(ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा जो ऐसे सेवाओं में ऐसे पदों को मूल हैसियत से धारण करते हों, जैसा कि इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाये।

(2) उप–नियम (1) के खण्ड (क), (ख) या (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची–एक में यथा विनिर्दिष्ट कर्तव्य पदों की संख्या के, अनुसूची–दो में दर्शाये गये प्रतिशत से किसी भी समय अधिक नहीं होगी।

(3) उप–नियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियंत्रक की राय में सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो, तो वह, अध्यक्ष की पूर्व सहमति से, सेवा में भर्ती के उन तरीकों को छोड़ जिनको उक्त उप–नियम में विनिर्दिष्ट किया गया है, ऐसे तरीके अपना सकेगा, जिसे वह इस निमित्त जारी किये गये आदेश द्वारा विहित करे।

(4) प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों का संविलयन, शासन के विहित नियमों के अनुसार किया जा सकेगा ।

7. **सेवा में नियुक्ति.–** इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात, सेवा में समस्त नियुक्तियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएगी तथा ऐसी कोई भी नियुक्ति, नियम 6 में यथाविनिर्दिष्ट भर्ती के किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जाएगी, अन्यथा नहीं।

8. **सीधी भर्ती के लिए पात्रता की शर्तें.–** सीधी भर्ती/चयन के लिए पात्र होने के लिये, अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी, अर्थात्:–

(1) आयु– (क) वर्ष, जिसमें पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित होता है, की जनवरी के प्रथम दिन पर उसने अनुसूची–तीन के कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो और उक्त अनुसूची के कॉलम (5) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो;

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों (गैर क्रीमीलेयर) से संबंधित हों तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंध के अनुसार, महिला अभ्यर्थियों के लिये, उच्चतर आयु सीमा 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(घ) ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में भी, जो छत्तीसगढ़ शासन अथवा मण्डल के कर्मचारी हों या रह चुके हों, नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, उच्चतर आयु सीमा में छूट दी जाएगी:–

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो स्थायी या अस्थायी शासकीय सेवक हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये;

(दो) ऐसा अभ्यर्थी, जो अस्थायी रूप से पद धारण कर रहा हो और किसी अन्य पद के लिये आवेदन कर रहा हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए। यह रियायत, आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों, कार्यभारित कर्मचारियों तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी;

(तीन) ऐसा अभ्यर्थी जो "छंटनी किया गया शासकीय सेवक" हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई संपूर्ण अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण– शब्द "छंटनी किये गये शासकीय सेवक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य की अथवा किन्हीं भी संघटक इकाईयों की अस्थाई शासकीय सेवा में कम से कम 6 माह की कालावधि तक निरंतर रहा हो और जिसे रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराने या शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक 3 वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया हो।

(ङ.) ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई संपूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण— शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग का हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम 6 माह की कालावधि तक निरंतर नियोजित रहा हो और जिसे किसी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने या शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक 3 वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफरिशों के फलस्वरूप या स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छंटनी किया गया हो अथवा जिसे अधिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया हो:—

(एक) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो समय पूर्व सेवानिवृत्ति रियायतों के अधीन मुक्त कर दिया गया हो;

(दो) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें दुबारा नामांकित किया गया हो, और जिन्हें—

(क) अल्पकालीन वचनबंध अवधि पूर्ण हो जाने पर;

(ख) नामांकन की शर्तें पूर्ण हो जाने पर, सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो।

(तीन) ऐसे भूतपूर्व सैनिक (सैनिक तथा असैनिक) जिन्हें उनकी संविदा पूरी हो जाने पर सेवोन्मुक्त किया गया हो (जिनमें अल्पावधि सेवा के नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी शामिल है);

(चार) अवकाश रिक्तियों पर 6 माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किये गये भूतपूर्व सैनिक/अधिकारी;

(पांच) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग कर दिया गया हो;

(छः) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया है कि अब वे दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं है;

(सात) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो।

(च) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीनकार्ड धारक अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा दो वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(छ) अस्पृश्यता निवारण नियम, 1984 के अधीन छत्तीसगढ़ अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अनुसार अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दम्पत्तियों के सवर्ण पति/पत्नी के संबंध में उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ज) शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान प्राप्त अभ्यर्थियों तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त युवा अभ्यर्थियों के संबंध में भी उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(झ) विक्रम अवार्ड से सम्मानित किये गये खिलाड़ियों के संबंध में भी उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगा।

(ञ) विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिला उम्मीदवारों के संबंध में सेवा में उनके प्रथम नियुक्ति पर उच्चतर आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट दी जायेगी।

(ट) शारीरिक रुप से निःशक्त अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी। यह छूट जिला चिकित्सा मण्डल अथवा श्रम मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्थापित निःशक्तजनों के उद्यमी पुनर्वास केन्द्र द्वारा प्रमाणित निःशक्तता प्रमाणपत्र के आधार पर ही दी जायेगी।

(ठ) उपरोक्त संवर्गों के किसी एक या एक से अधिक आधार पर छूट दिए जाने के उपरान्त, शासकीय सेवा में प्रवेश के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी;

(ड) उपरोक्त के अतिरिक्त, आयु सीमा के संबंध में, शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे।

(2) **शैक्षणिक अर्हताएं.–** अभ्यर्थी के पास सेवा के लिये विहित ऐसी शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभव होना चाहिए जैसा कि अनुसूची–तीन के कॉलम (6) में दर्शित है:

परन्तु –

(क) मण्डल, आपवादिक मामलों में, किसी ऐसे अभ्यर्थी को अर्ह मान सकेगा, जो विहित की गयी अर्हताओं से भिन्न अर्हताएं रखते हो, जो मण्डल की राय में, सेवा की आवश्यकताओं की पूर्ति करता हो ।

(ख) ऐसे अभ्यर्थियों, जो अन्यथा अर्हित हों, किन्तु जिन्होंने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से उपाधियां प्राप्त की है, जो शासन द्वारा विशेष रुप से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय न हो, के चयन के लिए भी मण्डल द्वारा अपने विवेक के अनुसार विचार किया जा सकेगा ।

(3) फीस.– (क) अभ्यर्थी को विहित फीस का भुगतान करना होगा।

(ख) ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें चिकित्सा मण्डल के समक्ष उपस्थित होने के लिये अपेक्षित किया गया हो, को स्वास्थ्य परीक्षा होने के पूर्व चिकित्सा मण्डल के अध्यक्ष को शासन द्वारा यथा विहित फीस का भुगतान करना होगा।

९. निरर्हता.– (1) अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये किन्हीं भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा चयन के लिए उसे निरर्हित माना जा सकेगा।

(2) कोई भी पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और कोई भी महिला अभ्यर्थी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी:

परन्तु यदि शासन का यह समाधान हो जाए कि ऐसा करने के विशेष कारण हैं, तो शासन, ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

(3) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में, जो विहित की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप से स्वस्थ्य, तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो किसी सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकता हो से मुक्त, घोषित न कर दिया जाये:

परन्तु आपवादिक मामलों में अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा के पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन अस्थायी नियुक्ति दी जा सकेगी कि यदि वह चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ्य पाया जाता है तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी।

(4) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद के लिए उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी सम्यक् जांच, जैसा कि आवश्यक समझा जाए, के पश्चात, यह समाधान हो जाये कि वह (अभ्यर्थी) ऐसी सेवा या पद के लिए उपयुक्त नहीं है।

(5) कोई भी अभ्यर्थी, जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगाः

परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों, तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जायेगा जब तक कि उस आपराधिक मामले का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाए।

(6) कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा।

(7) कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगाः

परन्तु कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद के लिए निरर्हित नहीं होगा।

10. **अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में मण्डल का विनिश्चय अंतिम होगा.–** चयन के लिए अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अन्यथा के संबंध में मण्डल का विनिश्चय अंतिम होगा ।

11. **चयन द्वारा सीधी भर्ती.–** (1) सेवा में भर्ती के लिये चयन, ऐसे अन्तरालों से किया जायेगा, जैसा कि मण्डल, अध्यक्ष के परामर्श से, समय–समय पर, अवधारित करे।

(2) अभ्यर्थियों का चयन, लिखित परीक्षा या साक्षात्कार या दोनों द्वारा ऐसी रीति से किया जायेगा, जैसा कि अवधारित किया जाये।

(3) सीधी भर्ती के प्रकम में, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो से संबंधित व्यक्तियों के लिए पदों को, छत्तीसगढ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार आरक्षित रखे जायेंगे ।

(4) सीधी भर्ती के प्रकम में, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंध के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये 30 प्रतिशत पद आरक्षित रखे जायेंगे। यह आरक्षण समस्तर एवं प्रभागवार होगा ।।

(5) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, उन अभ्यर्थियों की, जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडे वर्गो (गैर–क्रीमि–लेयर) के सदस्य हैं, नियुक्ति के लिए उसी क्रम में विचार किया जाएगा, जिस क्रम में उनके नाम चयन सूची में आये हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो।

(6) यदि महिलाओं के लिए आरक्षित 30 प्रतिशत पद उपयुक्त अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की दशा में नहीं भरे जाते है तो रिक्त पदों को आगामी वर्ष के लिए अग्रणित (कैरी फारवर्ड) कर दिये जायेंगे तथा इन रिक्त पदों को अन्य आरक्षित या अनारक्षित महिला अभ्यर्थियों द्वारा नहीं भरे जायेंगे :

परंतु ऐसे रिक्त पद, उन संवर्गो, जिसके लिए आरक्षित है, के पुरुष अभ्यर्थियों द्वारा भरे जायेंगे ।

12. अभ्यर्थियों की चयन सूची.— (1) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के अनुसार, आरक्षित रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए उसी कम में विचार किया जायेगा जिस कम में उनके नाम सूची में आयें हों ।

(2) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होता, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसा कि वह उचित समझे, यह समाधान न हो जाये, कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है।

(3) चयन सूची की वैधता इसके जारी किये जाने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए होगी ।

13. पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.— (1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति के लिए, एक समिति गठित की जाएगी जिसमें अनुसूची—चार के कॉलम (5) में उल्लिखित सदस्य सम्मिलित होंगे तथा ऐसी समिति में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों से संबंधित एक सदस्य भी सम्मिलित होगा :

परंतु इस उप—नियम के अधीन समिति के गठन के लिए, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (कमांक 21 सन् 1994) की धारा 8 के उपबंध भी लागू होंगे ।

(2) समिति की बैठक ऐसे अन्तरालों में होगी, जो साधारणतः एक वर्ष से अधिक न हो।

(3) प्रत्येक पदोन्नति, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंध एवं मॉडल रोस्टर के अनुसार किया जायेगा ।

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति करने हेतु प्रकिया, उप—नियम (3) तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय—समय पर जारी निर्देशों के अनुसार होगी।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन— नियुक्ति प्राधिकारी, अपने द्वारा जारी किए जाने वाले पदोन्नति आदेश पर, इस आशय के प्रमाणपत्र का पृष्ठांकन करेगा कि उसने छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) तथा छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों तथा उक्त अधिनियम के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए जारी निर्देशों तथा राज्य शासन द्वारा बनाये गये नियमों का पालन किया है तथा उसने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उप—धारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान लिया है।

14. पदोन्नति के लिये पात्रता की शर्तें.— (1) उप—नियम (2) के प्रावधानों के अध्यधीन रहते हुए, समिति उन समस्त व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की जनवरी के प्रथम दिन को, उन पदों में जिनसे पदोन्नति की जानी है, या शासन द्वारा उसके समतुल्य घोषित किन्हीं अन्य पद या पदों पर (चाहे मूल रूप में या स्थानापन्न रूप

में) उतने वर्षों की सेवा, जैसा कि अनुसूची–चार के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट है, पूर्ण कर ली हो तथा जो उप–नियम (2) के उपबंधों के अनुसार विचारण क्षेत्र के भीतर आते हों,

स्पष्टीकरण– पदोन्नति के लिए पात्रता हेतु संगणना की रीति– संबंधित वर्ष जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति/छानबीन समिति आहूत की जाती है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा की कालावधि की गणना, उस कैलेण्डर वर्ष से की जाएगी, जिसमें लोक सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया हो और फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं।

(2) (एक) ऐसे मामलों में जहां पदोन्नति, वरिष्ठता सह उपयुक्तता (सीनियारिटी कम फिटनेस) के आधार पर की जानी हो अथवा अनुपयुक्त अभ्यर्थी को छोड़कर वरिष्ठता के आधार पर की जानी हो, वहां सभी वर्गो के लिये विचारण हेतु कोई आधार नहीं होगा। केवल लोक सेवकों की ऐसी संख्या के प्रस्तावों पर वरिष्ठता के अनुसार विचार किया जायेगा, जो कि प्रत्येक प्रवर्ग में विद्यमान पद तथा एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति/पदोन्नति के कारण प्रत्याशित रिक्त पदों की संख्या को भरने के लिए पर्याप्त होगी।

(दो) ऐसे मामलों में जहां पदोन्नति योग्यता सह वरिष्ठता (मेरिट कम सीनियारिटी) के आधार पर की जानी हो वहां विचार का क्षेत्र कुल रिक्त पदों के दो गुने से चार अधिक होगा। यदि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लोक सेवकों की पर्याप्त संख्या, पदोन्नति के लिए उपलब्ध न हो, तो विचार का क्षेत्र में कुल रिक्तियों की संख्या के सात गुने तक वृद्धि की जा सकेगी तथा आरक्षित पदों की पूर्ति, उपरोक्त उल्लिखित विचार क्षेत्र में आये आरक्षित संवर्ग के व्यक्तियों से की जा सकेगी। समिति, उक्त विचार के क्षेत्र से प्रत्येक प्रवर्ग के अधीन विद्यमान तथा एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए विचार करेगी।

(3) उप–नियम (2) के अधीन प्रत्याशित रिक्तियों के अतिरिक्त उपरोक्त अवधि के दौरान होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये, दो लोक सेवकों के या चयन सूची में सम्मिलित लोक सेवकों की संख्या के 25 प्रतिशत तक, जो भी अधिक हो, उनके नाम सम्मिलित करने के प्रयोजन से प्रत्येक प्रवर्ग के लिए अपेक्षित संख्या में लोक सेवकों के नाम पर विचार किया जायेगा।

(4) शासन द्वारा विहित आरक्षण रोस्टर के अनुसार पदोन्नति की जायेगी।

(5) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के अन्य प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी आदेश, पदोन्नति के लिये लागू होंगे।

15. **उपयुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची तैयार करना.–** (1) समिति, ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी, जो उपरोक्त नियम 14 में विहित शर्तो को पूरी करते हों तथा जिन्हें समिति द्वारा पदोन्नति के लिये उपयुक्त समझा गया हो। यह सूची, चयन सूची तैयार किये जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी।

(2) पदोन्नति के लिए व्यक्तियों के चयन सूची तैयार करने के लिए चयन का मापदण्ड, सभी पहलुओं से योग्यता (गुणागुण) एवं उपयुक्तता के अध्यधीन वरिष्ठता होगी ।

(3) ऐसी चयन सूची तैयार करने के समय, सूची में सम्मिलित कर्मचारियों के नाम, अनुसूची–चार के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट सेवा के पदों में वरिष्ठता के क्रम में रखे जायेंगे :

परंतु किसी कनिष्ठ व्यक्ति, जो समिति की राय में असाधारण योग्यता और उपयुक्तता रखता हो, उसे उसके वरिष्ठ व्यक्ति की तुलना में सूची में उच्चतर स्थान दिया जा सकेगा ।

(4) इस प्रकार तैयार की गई सूची का प्रतिवर्ष पुनर्विलोकन एवं पुनरीक्षण किया जायेगा।

(5) यदि चयन, पुनर्विलोकन अथवा पुनरीक्षण यथास्थिति, की प्रक्रिया में यह प्रस्तावित किया जाये कि सेवा के किसी सदस्य का अवक्रमण किया जाना है, तो समिति, प्रस्तावित अवक्रमण के लिये अपने कारण अभिलिखित करेगी।

स्पष्टीकरण– किसी ऐसे व्यक्ति का जिसका नाम चयन सूची में शामिल किया गया हो, किन्तु जिसे सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नही किया गया हो, केवल उसके पूर्वत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के ऊपर, जिन पर पश्चात्वर्ती चयन में विचार किया गया है, ज्येष्ठता का कोई दावा नही होगा ।

16. चयन सूची.– (1) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित सूची, अनुसूची–चार के कॉलम (2) में उल्लिखित पदों से अनुसूची–चार के कॉलम (3) में उल्लिखित पदों पर, सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए चयन सूची होगी।

(2) चयन सूची सामान्यतया तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक कि नियम 15 के उप–नियम (4) के अनुसार पुनर्विलोकित या पुनरीक्षित नही की जाती किंतु इसकी वैधता अवधि, इसके तैयार किये जाने की तारीख से कुल 18 माह की कालावधि के बाद बढ़ाई नहीं जायेगी :

परंतु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या कर्तव्य के निर्वहन (अनुपालन) में गंभीर चूक होने की दशा में समिति, यदि उचित समझे तोऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा सकेगा ।

17. चयन सूची से सेवा में नियुक्ति.– चयन सूची में सम्मिलित कर्मचारियों/अधिकारियों की सेवा–संवर्ग के पदों पर नियुक्ति में उसी क्रम का अनुपालन किया जायेगा, जिस क्रम में ऐसे कर्मचारियों /अधिकारियों के नाम चयन सूची में आये हों।

18. परिवीक्षा.– सेवा में सीधे अथवा पदोन्नति द्वारा भर्ती किया गया प्रत्येक व्यक्ति, दो वर्ष की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायेगा।

19. निर्वचन.– यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्‌भूत हो, तो उसे मण्डल को निर्दिष्ट किया जायेगा, जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा।

20. शिथिलीकरण.– इन नियमों में दी गई किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायेगा कि वह ऐसे व्यक्ति के मामले में, जिस पर ये नियम लागू होते हैं, ऐसी रीति से कार्यवाही करने की मण्डल की शक्ति को, जो उसे न्यायसंगत एवं उचित प्रतीत हो, सीमित या कम करती है:

परन्तु कोई मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जायेगा, जो इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिये कम अनुकूल हो ।

21. निरसन एवं व्यावृत्ति.– (1) इन नियमों के तत्स्थानी और इन नियमों के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त समस्त नियम, इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्‌द्वारा निरसित किये जाते हैं:

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन दिया गया कोई भी आदेश या की गई कार्रवाई, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया आदेश या की गई कार्रवाई समझी जायेगी।

(2) इन नियमों में दी गई कोई भी बात, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिये, राज्य शासन द्वारा समय–समय पर इस संबंध में जारी किये गये आदेशों के अनुसार दिये जाने वाले आरक्षण को प्रभावित नहीं करेगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अमृता बेक, उप-सचिव.

अनुसूची—एक
(नियम 5 देखिये)

स. क्र.	सेवा में सम्मिलित पदों का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन बैंड	ग्रेड वेतन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	अध्यक्ष	1	प्रथम श्रेणी	अखिल भारतीय सेवा की संवर्गीय वेतनमान	
2	नियंत्रक	1	प्रथम श्रेणी	37400—67000 प्रतिनियुक्ति	10000
3.	संयुक्त नियंत्रक	1	प्रथम श्रेणी	15600—39100 प्रतिनियुक्ति	7600
4.	वित्त अधिकारी	1	प्रथम श्रेणी	15600—39100 प्रतिनियुक्ति	7600
5.	सहायक नियंत्रक	2	द्वितीय श्रेणी	15600—39100 विभागीय / प्रतिनियुक्ति	5400
6.	प्रोग्रामर	1	द्वितीय श्रेणी	15600—39100 विभागीय / प्रतिनियुक्ति	5400
7.	अधीक्षक	1	तृतीय श्रेणी	रू. 9300—34800	4400
8.	सहायक अधीक्षक	1	तृतीय श्रेणी	रू. 9300—34800	4300
9.	निज सहायक	2	तृतीय श्रेणी	रू. 9300—34800	4300
10.	शीघ्रलेखक	2	तृतीय श्रेणी	रू. 5200—20200	2800
11.	सहायक ग्रेड—एक	2	तृतीय श्रेणी	रू. 5200—20200	2800
12.	सहायक ग्रेड—दो	4	तृतीय श्रेणी	रू. 5200—20200	2400
13.	डाटा एन्ट्री आपरेटर	4	तृतीय श्रेणी	रू. 5200—20200	2200
14.	सहायक ग्रेड—तीन	6	तृतीय श्रेणी	रू. 5200—20200	1900
15.	वाहन चालक	2	तृतीय श्रेणी	रू. 5200—20200	1900
16.	दफ्तरी	1	चतुर्थ श्रेणी	रू. 4750—7440	1400
17.	भृत्य	6	चतुर्थ श्रेणी	रू. 4750—7440	1400
18.	चौकीदार	1	चतुर्थ श्रेणी	कलेक्टर दर	
19.	स्वीपर	1	चतुर्थ श्रेणी	अंश कालीन	

अनुसूची– दो
[नियम 6 (1) देखिये]

सेवा में सम्मिलित पदों का नाम	पदों की संख्या	भरे जाने वाले कर्तव्य पदों का प्रतिशत			टिप्पणी
		सीधी भर्ती द्वारा [नियम 6 (1) (क) देखिये]	पदोन्नति द्वारा [नियम 6 (1) (ख) देखिये]	स्थानांतरण / प्रतिनियुक्ति द्वारा [नियम 6 (1) (ग) देखिये]	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1. अध्यक्ष	1	–	–	100%	प्रमुख सचिव की श्रेणी अथवा उसके समतुल्य या उससे उच्च श्रेणी के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को, स्थानान्तरण / प्रतिनियुक्ति से, राज्य शासन द्वारा नियुक्त किया जायेगा
2. नियंत्रक	1	–	–	100%	महाविद्यालयों के प्राचार्य या इसके समकक्ष अधिकारी, जिन्हें परीक्षा कार्य का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो, की प्रतिनियुक्ति द्वारा
3. संयुक्त नियंत्रक	1	–	–	100%	प्राध्यापक या इसके समकक्ष अधिकारी, जिन्हें परीक्षा कार्य का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव हो, की प्रतिनियुक्ति द्वारा
4. वित्त अधिकारी	1	–	–	100%	यह पद राज्य लेखा सेवा के अधिकारी से प्रतिनियुक्ति द्वारा भरा जायेगा।
5. सहायक नियंत्रक	2	–	50%	50%	पदोन्नति के लिए योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध न हो, तो एक पद, पर्याप्त प्रशासनिक अनुभव रखने वाले अधिकारी की प्रतिनियुक्ति द्वारा भरे जायेंगे।
6. अधीक्षक	1		100%	–	पदोन्नति में एक बार सहायक अधीक्षक से तथा दूसरी बार निज सहायक से (बारी–बारी से) भरे जायेंगे।
7. सहायक अधीक्षक	1		100%	–	सहायक ग्रेड–एक से पदोन्नति द्वारा
8. निज सहायक	2		100%	–	शीघ्रलेखक से पदोन्नति द्वारा

9. शीघ्रलेखक	2	100%		—	यदि उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध न हों तो चयन द्वारा सीधी भर्ती से अथवा अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति द्वारा।
10.सहायक ग्रेड– एक	2		100%	—	यदि उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध न हो तो प्रतिनियुक्ति द्वारा पद को भरा जायेगा ।
11. सहायक ग्रेड–दो	4		100%	—	–तदैव–
12. सहायक ग्रेड–तीन	6	75%	25%	—	25% पद, मण्डल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों जो अर्ह हों और जिन्होंने कम से कम 5 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो, की पदोन्नति द्वारा ।
13. प्रोग्रामर	1	100%	—	—	यदि उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध न हो तो प्रतिनियुक्ति द्वारा भरे जायेंगे ।
14. डाटा एन्ट्री आपरेटर	4	100%	—	—	
15. वाहन चालक	2	100%	—	—	
16. दफ्तरी	1	—	100%	—	
17. भृत्य	6	100%	—	—	
18. चौकीदार	1	100%	—	—	
19. स्वीपर	1	100%	—	—	

अनुसूची– तीन
(नियम 8 देखिये)

विभाग का नाम	सेवा का नाम	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	आयु सीमा		विहित शैक्षणिक अर्हतायें एवं अनुभव
			न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर	छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल सेवा	(1) प्रोग्रामर	21 वर्ष	35 वर्ष	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में एम.एस.सी. (कम्प्यूटर विज्ञान/ भौतिकी/इलेक्ट्रॉनिक/गणित/ सांख्यिकी/सूचना प्रौद्योगिकी)/एम.सी.ए. या समकक्ष उपाधि। अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्पयूटर साइंस में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष उपाधि । अनुभवः– (1) साफ्टवेयर में विश्लेषण पद्धति, डाटा प्रोसेसिंग, डी बेस, फाक्स बेस, कोबोल सी + + के क्षेत्र में कार्य करने का कम से कम 02 वर्ष का अनुभव हो। (2) ओ.एम.आर. मशीन पर रिजल्ट प्रोसेसिंग का कार्य का कम से कम 01 वर्ष का अनुभव को अधिमान्यता दी जायेगी।
		(2)शीघ्रलेखक	18 वर्ष	35 वर्ष	(1) मान्यता प्राप्त मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, या पुरानी हायर सेकेण्डरी के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। (2) किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था, शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) तथा मुद्रलेखन परिषद् से:– (क) शीघ्रलेखक (हिन्दी) के लिए– हिन्दी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण तथा शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)। (ख) शीघ्रलेखक (अंग्रेजी) के लिए– अंग्रेजी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण तथा शीघ्रलेखन

					(शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)। (ग) द्विभाषी शीघ्रलेखक के लिए– ऊपर खण्ड (क) तथा (ख) में विनिर्दिष्ट अनुसार हिन्दी तथा अंग्रेजी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र उत्तीर्ण एवं शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)। 3. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाणपत्र तथा डाटा एण्ट्री की गति 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)।
		(3)डाटा एन्ट्री आपरेटर	18 वर्ष	35 वर्ष	(1) मान्यता प्राप्त मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेन्डरी परीक्षा उत्तीर्ण साथ ही किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण । अथवा कक्षा 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से त्रिवर्षीय डिप्लोमा (2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाणपत्र तथा हिन्दी और अंग्रेजी में डाटा एण्ट्री की गति 8,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)।
		(4) सहायक वर्ग–3	18 वर्ष	35 वर्ष	(1) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण । अथवा पुरानी हायर सेकेन्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण । (2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र (3) कम्प्यूटर में हिन्दी टाईप लेखन में 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटे

					की गति।
		(5) वाहन चालक	18 वर्ष	35 वर्ष	(1) आठवीं परीक्षा उत्तीर्ण (2) हल्के वाहन चलाने का वैध लायसेंस धारण करता हो एवं इस क्षेत्र में दो वर्ष का अनुभव । (3) ऐसे व्यक्ति को अधिमान्यता दी जायेगी जो वाहन मरम्मत कार्य जानता हो ।
		(6) भृत्य	18 वर्ष	35 वर्ष	आठवीं परीक्षा उत्तीर्ण हो और सायकिल चलाना आना चाहिये।
		(7) चौकीदार	18 वर्ष	35 वर्ष	पांचवी कक्षा उत्तीर्ण तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयुक्त हो ।
		(8) स्वीपर	18 वर्ष	35 वर्ष	पांचवी कक्षा उत्तीर्ण

अनुसूची—चार
(नियम 6, 13 एवं 14 देखिये)

विभाग का नाम	पद का नाम जिससे पदोन्नति की जानी है	पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जानी है	पदोन्नति हेतु अपेक्षित सेवा अवधि	विभागीय पदोन्नति/चयन समिति के सदस्यों के नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर	अधीक्षक	सहायक नियंत्रक	5 वर्ष	मण्डल के अध्यक्ष द्वारा तीन व्यक्ति नामांकित किये जायेंगे, जिसमें से एक व्यक्ति, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का होगा ।
	सहायक अधीक्षक/निज सहायक	अधीक्षक	5 वर्ष	मण्डल के नियंत्रक द्वारा तीन व्यक्ति नामांकित किये जायेंगे, जिसमें से एक व्यक्ति, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति का होगा ।
	शीघ्रलेखक	निज सहायक	3 वर्ष	—तदैव—
	सहायक ग्रेड—एक	सहायक अधीक्षक	5 वर्ष	—तदैव—
	सहायक ग्रेड—दो	सहायक ग्रेड—एक	3 वर्ष	—तदैव—
	सहायक ग्रेड—तीन	सहायक ग्रेड—दो	3 वर्ष	—तदैव—
	चतुर्थ श्रेणी	सहायक ग्रेड—तीन	—	—तदैव—
	चतुर्थ श्रेणी भृत्य	दफ्तरी	5 वर्ष	—तदैव—

Naya Raipur, the 6th December 2013

NOTIFICATION

No. F 9-65/2012/T.E./42.- The Chhattisgarh Vyavsayik Pariksha Mandal, hereby, makes the following Rules relating to recruitment, namely:-

RULES

1. **Short title and commencement.**-(1) These rules may be called the Chhattisgarh Vyavsayik Pariksha Mandal Service Recruitment Rules, 2013.

(2) These Rules shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.**- In these Rules, unless the context otherwise requires :-

(a) "Appointing Authority" means Mandal or Competent Authority authorized by Mandal in this behalf;

(b) "Chairman" means the Chairman of the Mandal;

(c) "Committee" means Departmental Selection/Promotion Committee;

(d) "Competent Authority" means any officer designated by the Mandal for any specific purpose;

(e) "Controller" means the Controller of the Mandal;

(f) "Examination" means examination held for recruitment under rule 11 of these rules;

(g) "Government" means the Government of Chhattisgarh;

(h) "Mandal" means the Chhattisgarh Vyavsayik Pariksha Mandal;

(i) "Other Backward Classes" means the Other Backward Classes (Non-Creamy-Layer) of citizens as specified by the Government vide Notification No. F-8-5-XXV-4-84, dated 26th December, 1984, as amended from time to time;

(j) "Schedule" means Schedule appended to these rules;

(k) "Scheduled Castes" means Scheduled Castes as specified in relation to his State under Article 341 of the Constitution;

(l) "Scheduled Tribes" means Schedule Tribe as specified in relation to his State under Article 342 of the Constitution;

(m) "Service" means the Chhattisgarh Vyavsayik Pariksha Mandal Service;

(n) "State" means the State of Chhattisgarh.

3. **Scope and application.**- Without prejudice to the generality of the visions contained in the Chhattisgarh Civil Services (General conditions of Serv , Rules, 1961, these rules shall apply to every member of the service.

4. **Constitution of the service.-** The service shall consist of the following persons, namely:-

(1) Persons who at the commencement of these rules are holding substantively the posts specified in Schedule-I;

(2) Persons recruited to the service before the commencement of these rules; and

(3) Persons recruited to the service in accordance with the provisions of these rules.

5. **Classification, scale of pay etc.-** The classification of service, the number of posts included in service and the scale of pay attached thereto shall be in accordance with the Schedule-I:

Provided that the Mandal may, from time to time, add to or reduce the number of posts included in the service either on permanent or temporary basis.

